# जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 31.05.2021 को जिलाधिकारी महराजगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई द्वारा प्रस्तुत 07 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव:—**

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र संख्या—2134/W—22/ NIT /2020—21 दिनांक 13.01.2021 के माध्यम से मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, **कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** को 446 राजस्व ग्राम आवांटित किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पत्रांक 245/कार्य—114/29 दिनांक 27—03—2021 के माध्यम से 249 राजस्व ग्रामों तथा पत्रांक 278/कार्य—114/42 दिनांक 08—04—2021 द्वारा के माध्यम से 197 राजस्व ग्रामों अर्थात कुल 446 राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में **मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** द्वारा 07 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें 07 ग्राम पंचायतों के 08 राजस्व ग्रामों की कुल 25 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 2774 घरो को एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किया जाना है।

**निर्णयः—** अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा कुल 07 ग्राम पंचायतों के 08 राजस्व ग्रामों की कुल 25 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु प्रस्तुत किये गये 07 नग डी0पी0आर0 की अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग/अधिशासी अभियन्ता लो0नि0विभाग से जॉच करा ली जाय। डी0पी0आर0 ठीक पाये जाने के स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से करने हेतु अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

(संलग्नक—डी0पी0आर0 का विस्तृत विवरण)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव<br>उ0प्र0 जल निगम, महराजगंज | जिला विकास अधिकारी<br>महराजगंज | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>महराजगंज | जिला कृषि अधिकारी<br>महराजगंज |
| जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी<br>महराजगंज | अधिशासी अभियन्ता(सिचाई)<br>महराजगंज | | मुख्य चिकित्साधिकारी,<br>महराजगंज |
| प्रभागीय वनाधिकारी,<br>महराजगंज | मुख्य विकास अधिकारी,<br>महराजगंज | | जिलाधिकारी/अध्यक्ष<br>महराजगंज |

Scanned with OKEN Scanner